Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 02-08-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title : Alleged irregularities in the recruitment of Group 'D' staff in Chattisgarh Railway Zone, Bilaspur.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बिलासपुर रेलवे जोन के अन्तर्गत बिलासपुर में सन 2006 में ग्रुप डी की भर्ती हेतु 3016 गैंगमैन एवं अन्य पदों को भरने हेतु विज्ञापन दिया गया था, जिसमें ग्रुप डी के पदों के लिए 8,24,000 लोगों ने आ वेदन किए। 2,87,000 आवेदकों को परीक्षा में बुलाया गया और बाकी 5,37,000 आवेदकों को 40 रूपये का ड्राफ्ट और बैंकर चैक जमा कराने के बावजूद भी बिना कारण निरस्त कर दिया गया। इसमें अधिकांश छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर के आवदेक थे। 2,87,000 कैंडिटेंट्स में से 4553 लोगों की नियुक्ति की गयी। 4413 लोग छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिला से थे, जिनको नियुक्ति नहीं दी गयी, उनकी अनदेखी की गयी। मैं कहना चाहता हूं कि बैंक ड्राफ्ट और बैंकर्स चैक में कोई अंतर नहीं है, दोनों ही 40-40 रूपये के थे। इसमें अन्य राज्यों, जैसे बिहार, झारखण्ड और राजस्थान के कैंडिटेट्स को बुला लिया गया।

महोदय, एक पद के अंगेस्ट पांच कैंडिटेट्स का रेशो होता है, लेकिन एक पद के लिए पांच का रेशो न करके डेढ़ गुना ही रेशो लिया गया है। इसके बाद इन कैंडिटेट्स का चयन किया गया। इन 3016 पदों में से बिहार राज्य से 2054, झारखण्ड से 481, राजस्थान से 275 और छत्तीसगढ़ से मात्र 329 कैंडिटेंट्स का चयन किया गयÉÉ[c104]। ¾105टइससे धांधली, गड़बड़ी और संदेह होता है। अधिकतर बिहार राज्य के लोगों को तीन गुना, चार गुना, पांच गुना ज्यादा तक लिया जाता है जबकि वहां के स्थानीय लोगों को कम लिया जाता है। रेल मंत्री के लोगों को प्रलोभन देने के लिए, लाभ पहुंचाने के लिए संदेह, गड़बड़ी और हेराफेरी का संदेह होता है। मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि जिस तरह स्थानीय लोगों की उपेक्षा, छत्तीसगढ़ की उपेक्षा और अनदेखी की गई है तथा छत्तीसगढ़ के 5,87,000 लोगों के फार्मों को रिजैक्ट किया गया है, इसकी जांच कराई जाये।

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि पूर्व में जब 1998 और 2000 के बीच गैंगमैन के ग्रुप डी पदों पर भर्ती होती थी, उसमें पहले फिजीकल टैस्ट लिया जाता था, पहले दौड़ और बोरा उठाने का टैस्ट लिया जाता था, पर उस टैस्ट को न करके पहले चयन किया गया और बाद में फिजीकल टैस्ट लिया जा रहा है। मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि इन समस्त मामलों की केन्द्र सरकार जांच करे, चयनित सूची को निरस्त किया जाये, पुनः सम्पूर्ण आवेदकों को परीक्षा के लिए बुलाया जाये और बाद में रिजल्ट घोाित किया जाये। अभी जो रिजल्ट घोाित हुआ है, उसे भी रोका है।